मूंग खरीदी की घोषणा होते ही पूर्व विधायक ने खत्म किया बेमियादी धरना, निकाला जुलूस

गाडरवारा, देशबन्धु। पूर्व विधायक सुनीता पटेल के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने का पांचवें दिन शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा 19 जून से किसानों की उपज मूंग ओर उड़द के पंजीयन तिथि की घोषणा होने के बाद समापन किया गया । किसानो की मूंग की उपज समर्थन मूल्य पर खरीदी को लेकर उक्त धरना 10 जून से मंडी गेट के सामने प्रारम्भ हुआ था। किसानों और कांग्रेस के नेताओं द्वारा धरना प्रदर्शन को जन समर्थन दिया गया।

पूर्व विधायक सुनीता पटेल ने समापन के अवसर पर कहा कि किसानों ने कांग्रेस जनों ने एवं आम लोगों ने समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी करने की जो लड़ाई लड़ी और धरना प्रदर्शन किये इसके साथ ही मेरे द्वारा दिए गए अनिश्चितकालीन धरने को समर्थन और सहयोग किया। सभी लोगों की एकजुटता के कारण भाजपा सरकार को आखिर किसानों के हित में फैसला लेना पड़ा। सुनील पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की घोषणा पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसान हितैषी निर्णय का स्वागत किया।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह घोषणा और पहले हो जाती तो जिन किसानों ने मजबूरी में मंडी में मूंग बेच दी उन्हें भी फायदा हो जाता। उन्होंने कहा कि बड़े अफसोस कि बात रही कि मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने किसान हित की बात उनके सामने नही रखी थी।

अनिश्चितकालीन धरना समापन के मौके पर पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, शैलेंद्र दीवान, जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जिनेश जैन, दिग्विजय सिंह , छोटे राजा कौरव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक पटेल, महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संगीता जायसवाल, कांग्रेस नेता अशोक क़ाबरा, सुरेंद्र पटेल मझले भैया, शिवकुमार नीखरा, राजीव दुबे, मुकेश गुप्ता बंटू ,भानू दीक्षित, उमा गुप्ता, सतीश सैनी, प्रकाश चौरसिया, अवधेश रूसिया, राव सुरेंद्र सिंह, मनीष भिंडवार, राजदीप दुबे, रतनदीप जायसवाल, हरिसिंह अहिरवार, एडवोकेट सत्यवती, मनीष कौरव सुनील दुबे सहित कांग्रेस मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

धरना स्थल से सभी लोग जुलूस की शक्ल में राठी तिराहे पर स्थित श्री हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर धरने का समापन किया। कांग्रेस के महामंत्री सतीश सैनी ने सभी के प्रति आभार जताया।

रोटरी क्लब ने रक्तदान कर किया खिचड़ी का वितरण

गाडरवारा देशबन्धु। रोटरी क्लब जो कि हमेशा समाज सेवा, पीड़ित मानव सेवा के लिए जानी जाती है। इनका उद्देश्य ही समाज सेवा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा सेवा आदि है। इसी क्रम में गाडरवारा क्लब के सदस्यों ने रक्तदान दिवस के अवसर पर शासकीय अस्पताल गाडरवारा में क्लब अध्यक्ष रोटे.मनीष जायसवाल,सचिव अभिषेक बड़कुर,विवेक त्रिपाठी,प्रियंक सोनी एवं अभिनव घारू आदि सदस्यों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य रोटे. मिनेंद्र डागा ने बताया कि क्लब कितना गतिशील है एवं क्लब द्वारा क्या-क्या एक्टिविटीज मानव सेवा के लिए की जाती हैं। इसी क्रम में रक्तदान दिवस के अवसर पर सभी ने रक्तदान किया। क्लब अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने कहा कि रक्तदान महादान की श्रेणी में आता है,और आपके द्वारा दिए गए रक्त से किसी एक व्यक्ति की भी जान बच सकती हो तो यह सबसे बड़ा दान कहलाता है।

सचिव अभिषेक बड़कुर ने बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि आज के समय में रक्तदान की बहुत ज्यादा आवश्यकता है और जागरूकता की कमी के चलते सभी लोग रक्तदान नहीं कर पाते।रक्तदान के उपरांत सभी ने मानव सेवा संघ के माध्यम से अस्पताल परिसर में खिचड़ी वितरण किया।

क्लब से वरिष्ठ डॉ.रोटे.उमाशंकर दुबे,डॉ.महेश रघुवंशी,डॉ.शिप्रा कौरव,अशोक राजपूत,संजय गुप्ता,अस्पताल प्रभारी डॉ.उपेंद्र वस्त्राकार,डॉ पंकज ठारवानी, डॉ.आशुतोष मेहता, उत्तम पटेल, निखिलेश साहू,अजय घारू एवं वरिष्ठ समाजसेवी अनूप जैन एवं अस्पताल परिसर की टीम उपस्थित रही।

क्लब मीडिया प्रभारी नीलेश साहू द्वारा बताया गया कि आज के समय में जिस तरह सेएक्सीडेंट, आपदाएं, घटनाएं घट रही है, जिसके उपरांत रक्त की कमी देखी जाती है,और ब्लड की कमी को महसूस करते हुए रोटरी क्लब के माध्यम से नागरहित में रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान किया एवं सभी से आग्रह किया कि वह भी अपना रक्तदान करें।

रोटे.डॉ. उमाशंकर दुबे ने कहा कि रक्तदान करना स्वास्थ्य के हिसाब से भी बेहतर होता है और रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है। एक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 से 6 महीने के दरमियान एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

सार-समाचार

तिवारी को राष्ट्रीय सम्मान

गाडरवारा, देशबन्धु। नवाचारी गतिविधियाँ समूह ने हाल ही में राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024-25 के अंतर्गत पूरे देश से चुनिंदा 110 शिक्षकों को सम्मानित किया। पाँच शिक्षक मध्य प्रदेश से चुने गए, जिनमें सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेड़ा में पदस्थ शिक्षक मनीष शंकर तिवारी का नाम भी शामिल है। इस अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान समारोह में मनीष शंकर तिवारी को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, तथा एक मानद कलम से सम्मानित किया गया। इस आयोजन के माध्यम से उनके निरंतर प्रयास जिसमें ऑनलाइन कंटेंट, इंटरैक्टिव शिक्षण तथा मोटिवेशनल संवाद शामिल हैं, को विशेष पहचान मिली है। मनीष ने विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान विषय को रोचक और छात्रों के लिए सुलभ बनाने की दिशा में कार्य किया है। उनकी पहल ने बच्चों में विषय के प्रति जिज्ञासा जगाई और आत्मबल व लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा दी।

साईखेड़ा एवं चीचली में एफएलएन रिफ्रेशर प्रशिक्षण कल से

गाडरवारा देशबन्धु। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में 16 जून दिन सोमवार से शासकीय शालाओं मे कक्षा पहली एवं दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों का 3 दिवसीय एफएलएन रिफ्रेशर गणित विषय का प्रशिक्षण सुबह 9:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। 18 जून तक होने वाले इस प्रशिक्षण को साईखेड़ा के सरस्वती उ मा विद्यालय एवं चीचली के साई पब्लिक स्कूल मे आयोजित किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु दोनों ब्लॉक मे 45- 45 शिक्षकों के 2 अलग अलग बैच बनाये गए है। उक्त प्रशिक्षण मे सहभागिता के लिये शिक्षकों को मार्गदर्शी पुस्तिका एवं टैबलेट के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है। प्रशिक्षण मे सार्थक एप्प से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

नरसिंहपुर,देशबन्धु।। कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन में सोमवार 16 जून को प्रातः 10 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई हॉल में किया जायेगा। उक्त शिविर में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, नान अल्कोहालिक फैटी लीवर डिजीज की जांच की जायेगी।

जल भराव रोकने के लिए प्रत्येक पंचायतों में चलाया जा रहा सफाई अभियान

नरसिंहपुर देशबन्धु। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों द्वारा अभियान के तौर पर वर्षा के पूर्व साफ- सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्य सीईओ जिला पंचायत नरसिंहपुर के निर्देशन में किया जा रहा है। जिले की लगभग 200 पंचायतों में साफ- सफाई अभियान चलाया जा चुका है, जबकि शेष पंचायतों में यह कार्य 10 दिवस में पूर्ण की जायेंगी।उल्लेखनीय है कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सामुदायिक स्थलों पर एकत्रित कचरे की साफ- सफाई की जा रही है। इसका उद्देश्य घरों से निकलने वाले पानी और बरसात के पानी का भराव को रोकने के लिए किया जा रहा है।

साक्षरता प्रशिक्षण सम्पन्न

नरसिंहपुर देशबन्धु। जिला स्तरीय उल्लास नव भारत साक्षरता के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ। इसका उद्देश्य जिले में साक्षरता दर को बढ़ाना है। विकासखंड सह समन्वयकों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। जिला सह समन्वयक अखलेश राजोरिया ने साक्षरता का परिचय दिया और अपने सुझाव साझा किये।

सांदीपनि विद्यालय में शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग की समय सारणी अनुसार सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में प्रवेश प्रक्रिया संचालित है जिसकी जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से जनसामान्य को प्रसारित की गई है। नौ जून से शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

प्रथम दिवस में संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने भोपाल से अकादमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के सभी आयामों के बारे में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया।

द्वितीय दिवस प्राथमिक विभाग से महबूब अहमद अंसारी ने अपने अनुभव साझा किए तृतीय दिवस माध्यमिक विभाग की प्रधान पाठक माधुरी गर्ग ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया आज चौथे दिवस यू.एच.व्ही. आंनद सभा में आशीष पटेल, सुरेन्द्र पटेल,

कृष्ण कुमार शर्मा, दुर्गा प्रसाद धुर्वे ने मानवीय मूल्य स्थापित करने वाली मान्यताओं से रूबरू कराया पंचम दिवस इमरान खान द्वारा उमंग आधा फुल के बारे में एंव नीलम राय के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस प्रशिक्षण में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पूर्ण मनोयोग के साथ, गंभीरता एंव पूर्ण सहभागिता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। 16 जून से विधिवत कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो जायेगा जिसके लिए समस्त विद्यालय परिवार पूर्ण मनोयोग से तैयार है और प्रशिक्षण में बताई गई यू.एच.व्ही., आनंदसभा, उमंग, आधा-फुल, मानसिक एंव मानसिक स्वास्थ्य को कक्षा स्तर पर लागू करने के लिए समस्त स्टॉफ ने दृढ़ संकल्पना प्रदर्शित की।

आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों ने किया प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर शीतला पटले के समक्ष चैंबर में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोटेगांव- आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों एवं अधिकारियों ने संस्थान में संचालित ट्रेनिंग कम प्रोडक्शन सेंटर के अंतर्गत बनाये गये विभिन्न नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया।

कलेक्टर ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशिक्षणार्थियों की जागरूकता को प्रेरणास्पद बताया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के साथ- साथ उत्पादन के समन्वय को युवाओं के कौशल विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है।

प्रशिक्षणार्थियों ने कलेक्टर के समक्ष एलईडी बल्ब निर्माण, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट सिस्टम जैसे प्रशिक्षण आधारित उत्पादन गतिविधियों के साथ-साथ स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, स्मार्ट डस्टबिन, लॉट आधारित होम ऑटोमेशन सिस्टम, स्मार्ट होम गार्डनिंग सिस्टम आदि परियोजनायें प्रस्तुत की।

संस्थान द्वारा चलाए जा रहे नवाचार व उत्पादन गतिविधियों से न केवल प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो रहा है, बल्कि वे आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर हो रहे हैं। इस दौरान प्राचार्य नारायण कोष्टा व अनुदेशक आशीष सोनी ने औद्योगिक भ्रमण, ऑन द जॉब ट्रेनिंग- ओजेटी आदि अपनाई जा रही श्रेष्ठ शिक्षण पद्धतियों की जानकारी दी।

मिशन नींव 2025 के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

नरसिंहपुर देशबन्धु। मिशन नींव 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष नरसिंहपुर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मिशन नींव 2025 के तहत जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को अलग- अलग के लिए निर्धारित आधारशिला, 3 से 6 वर्ष के लिए एवं नवचेतना अंतर्गत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित कोर्स और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण एवं पढ़ाई के बराबर अनुपात एवं उसकी महत्वता व उसके जीवन में योगदान के विषय में बताया गया।

प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीक का प्रयोग वापस आंगनबाड़ी केन्द्र पर जाकर प्रतिदिन प्रत्येक बच्चों के साथ किया जाना है। यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग एवं कार्यकर्ताओं के समूहों द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने प्रत्येक कार्यकर्ता से प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने इसके लाभ एवं प्रशिक्षण के उपरांत इसका उपयोग करने और उपयोग से होने वाले लाभ के संबंध में बताया।

इसके अलावा प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीक को आगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उपयोग करने और इसे निरीक्षण सूची में शामिल करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण के दौरान समस्त परियोजना अधिकारी, समस्त सेक्टर सुपरवाईजर एवं ब्लॉक समन्वयक पोषण अभियान मौजूद थे।

धरती आबा जनजातीय शिविर 15 जून से

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान- डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान- पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान 15 जून से 30 जून 2025 तक शिविर लगाये जायेंगे।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी- कर्मचारी को निर्देशित किया है कि वे अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को निर्धारित शिविर स्थलों में उपस्थित कराकर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अधिकारी- कर्मचारी संबंधित शिविर स्थलों में उपस्थित रहकर शासकीय विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करते हुए सेक्टर अधिकारी, नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों को कार्य की प्रगति से अवगत करायेंगे। जारी आदेश के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक द्वारा राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, ई- केवायसी, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा, समग्र सीडिंग, उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमएसबीवाय, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से संबंधित कार्य करेंगे। सीएससी के अधिकारी- कर्मचारी ई- केवायसी व आधार कार्ड व अपडेशन से संबंधित कार्य करेंगे। पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, केसीसी कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित कार्य करेंगे। आशा कार्यकर्ता द्वारा आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, सिकिल रोग की पहचान, परीक्षण और जागरूकता के लिए प्रचार- प्रसार, मिशन इंद्रधनुष, एससीडी कार्ड एवं टीबी मफकत भारत से संबंधित कार्य करेंगे।

कलेक्टर द्वारा आदेश जारी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, आईसीडीएस योजना के तहत पोषण आहार वितरण व कुपोषण की जांच से संबंधित कार्य करेंगे।

संबंधित ग्राम के क्षेत्रांतर्गत आने वाले बैंकों के वीसी जनधन खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, केसीसी कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा लोन, स्टेंड अप इंडिया, वनधन योजना से संबंधित कार्य करेंगे। कृषि विभाग के अधिकारी किसान क्रेडिट कार्ड और पशु पालन विभाग के कर्मचारी पशु केसीसी कार्ड संबंधी कार्य करेंगे।

-- आम सूचना --

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बैनीप्रसाद चमार पिता पूरनलाल चमार निवासी ग्राम बगदरी, पोस्ट बीतली, तहसील करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. के पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक 8569 1212 5452 में पुत्र का नाम देवकरन लडिया, पिता का नाम बाबूलाल लडिया त्रुटिवश दर्ज है तथा मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, शालेय रिकार्ड एवं अंकसूचियों में पुत्र का नाम अंकित चमार, पिता का नाम बैनी प्रसाद चमार व माता का नाम लता बाई दर्ज है। मेरे पुत्र का सही नाम अंकित चमार, पिता का नाम सही नाम बैनी प्रसाद चमार है।

बैनीप्रसाद चमार

ग्राम चिनकी में जल व पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी आयोजित

नरसिंहपुर देशबन्धु। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल व पर्यावरण संरक्षण पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड करेली के अंतर्गत ग्राम चिनकी के श्री राम आरण्यक में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संयुक्त रूप से पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण का संरक्षण दिया।

यहां आयोजित संगोष्ठी के दौरान बताया गया कि राज्य सरकार 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। इस दौरान ग्रामीणों को जल के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए आज से ही जल बचाना होगा। आने वाले समय में बरसात के दिनों में हम सभी को जल का संरक्षण करना होगा। जल संरक्षण के माध्यम से सभी को पानी उपलब्ध होगा और भू- जल स्तर में सुधार होगा।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था पिपरहा व रमपुरा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिनकी, गायत्री परिवार के अध्यक्ष, सचिव व सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद थे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड चीचली के अंतर्गत जनशक्ति सेवा समिति उकासघाट द्वारा पौधरोपण किया। समिति के सदस्यों व बच्चों ने फलदार एवं छायादार के कुल 27 पौधों का रोपण किया।

अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को लाभ दिलाने 15 से

नरसिंहपुर देशबन्धु। प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान जागरूकता व संतृप्ति के लिए चयनित ग्रामों में 15 जून से 30 जून तक शिविर लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने समस्त विभागों की शासकीय योजनाओं से अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए सभी जिला प्रमुखों, सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेश जारी किया है।

सिंचाई के लिए 25 जून से पहले मांग पत्र दें किसान

नरसिंहपुर देशबन्धु। वर्ष 2025 की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव, नरसिंहपुर एवं करेली तहसील के संबंधित लगभग 183 ग्रामों के किसानों से 25 जून 2025 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर की आरडी 81.30 से 130.670 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमशः केसली माइनर, सिवनी डिस्ट्रीब्यूटरी, मातनपुर माइनर, भदगवां शाखा नहर, अंडिया डिस्ट्रीब्यूटरी, सुरगी डिस्ट्रीब्यूटरी, कंदेली डिस्ट्रीब्यूटरी, रहली डिस्ट्रीब्यूटरी एवं मुख्य नगर 102.00 से 130.860 किमी के बीच डायरेक्ट माइनरों से लगभग 183 ग्रामों की लगभग 8300 हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग गोटेगांव ने दी है।

इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर डिस्नेट संभाग नरसिंहपुर ने संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे जल उपभोक्ता संथा कुटरी, इमलिया, वेदू, गुंदरई, बम्हनी, मगरधा, बेलखेड़ा, तिंदनी, ठेमी, बौछार, मचवारा, करकबेल, धमना, मैनावारी, नवलगांव, नंदवारा, झगरहाई, सूरजगांव, लुरहेटा, बरखेड़ा, निवारी, खुरपा, गोबरगांव आदि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उपसंभाग क्रमांक एक नरसिंहपुर/ क्रमांक एक पाला/ वितरण अनुविभाग करकबेल/ बरहेटा को 25 जून 2025 के पूर्व तक मांग पत्र एवं अनुबंध पत्र प्रस्तुत करें।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए